सं0-124/2015/8267/62-2-2015-2/2(26)/2007

प्रेंषक,

चन्द्र प्रकाश,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु सिंचाई विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-2 लखनऊ- दिनांक: 06 अक्टूबर,2015

विषय- डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों के अन्तर्गत विभाग से संबंधित कार्यक्रम/कार्यक्रमों में 17 पिछडी जातियों (कहार, कश्यप, केवट, मल्लाह, निषाद, कुम्हार, प्रजापति, धीवर, बिन्द, भर, राजभर, धीमर, बाथम, तुरहा, गोडिया, मांझी तथा मछुआ) को मात्रातमक लाभ प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ 17 पिछडी जातियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 7.5 अनुमन्य कराये जाने के संबंध में समाज कल्याण अनुभाग-5 के शासनादेश सं0-285/26-3-2014-3¼15½/2007-टीसी, दिनांक 03-3-2014 निर्गत किया गया हैद्य शासनादेश में चिन्हित कल्याणकारी योजनाओं में लघु सिंचाई विभाग की डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क बोरिंग योजना सम्मिलित है। यह योजना लाभार्थीपरक है। लघु सिंचाई विभाग द्वारा डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क बोरिंग कार्यक्रम संचालित कराया जा रहा है। डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क बोरिंग योजना वर्ष 2015-16 हेतु कुल निर्धारित लक्ष्य 4399 के सापेक्ष पिछडी जातियों के लिए 330 बोरिंग के मात्राकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसका जनपदवार फॉट संलग्नक-क संलग्न है।

2- उपरोक्त योजना की समीक्षा हेतु निर्धारित प्रारूप की प्रति संलग्नक-ख पर संलग्न है। इस प्रारूप पर प्रत्येक माह लक्ष्यों की पूर्ति का अनुश्रवण जिलाधिकारी द्वारा अपनी मासिक समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से एक अलग एजेण्डा बिन्दु के रूप में किया जायेगा। राज्य स्तर पर संबंधित विभाग इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत नियत लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धियों के संबंध में मासिक आधार पर प्रगति की समीक्षा करेगें तथा तिमाही आधार पर कार्यान्वयन प्रगति रिपोर्ट प्रारूप-ग पर अगली तिमाही के 15वें दिन सचिव, समाज कल्याण विभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायेगें।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस संबंध में शासनादेश सं0-285/26-3-2014-3¼15½/2007टीसी, दिनांक 03-3-3014 में निर्धारित शेष प्राविधानों एवं प्रक्रिया का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा कार्यो का निष्पादन योजना से संबंधित समय-समय पर निर्गत विभागीय निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(चन्द्र प्रकाश)
प्रमुख सचिव।

सं0-124/2015/8267(1)/62-2-2015,तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, समग्र ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- समस्त मण्डलायुक्त, उ0 प्र0।
4- समस्त जिलाधिकारी, उ0 प्र0।
5- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
6- समस्त अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई वृत्त, उ0प्र0।
7- समस्त अधिशासी अभियंता, लधु सिंचाई खण्ड, उ0 प्र0।
8- समस्त सहायक अभियंता, लधु सिंचाई विभाग, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(एस0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

प्रारूप

संबंधित विभाग द्वारा जनपदों से सूचना प्राप्त करने हेतु प्रपत्र

विभाग का नाम---------

जनपद का नाम----------

माह

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजना के भौतिक लक्ष्य का 7.5 प्रतिशत पिछडी जातियों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क्र0सं0	योजना का नाम	पिछडी जातियों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्व माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्व क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

प्रारूप

संबंधित विभाग द्वारा समाज कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

विभाग का नाम---------

जनपद का नाम----------

माह

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजना के भौतिक लक्ष्य का 7.5 प्रतिशत पिछडी जातियों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क्र0सं0	योजना का नाम	पिछडी जातियों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्व माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्व क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।